कार्यालय उप- निदेशक उच्चतर शिक्षा जिला शिमला, शिमला -1

Website: ddheshimla.com |Tel (Fax) 0177-2804710 | Email: ddheshimla@rediffmail.com

No. Shiksha-Shimla-5-2 (Afforestation)- 2019-20 Dated:

Higher Education 235265-69 05 AUG 2019 Shimla-1

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य /मुख्याध्यापक,
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय/उच्च विद्यालय/निजी एवं,
कान्वेंट स्कूल, पब्लिक स्कूल, शिमला, जिला शिमला !

विषय : **मुख्यमंत्री हरित विद्यालय अभियान**

ज्ञापन,

इस कार्यालय की पत्र संख्या सम दिनांक 31-07-2019 के अनुसार आपको, उपर्युक्त विषय पर पुन: यह अवगत कराया जा रहा है कि, माननीय शिक्षा, कानून और संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दिनांक 31-07-2019 को संबोधित वीडियो कॉन्फ्रेंस में यह बताया गया कि, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा बोर्ड,वन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से **" मुख्यमंत्री हरित विद्यालय अभियान" का शुभारम्भ करने जा रही है** । जिसकी शुरुआत 7 अगस्त, 2019 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोह उना से की जायेगी और सम्मापन् 17 अगस्त को हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी, द्वारा धर्मशाला में किया जाएगा !

अत: यह निर्णय लिया गया कि, हिमाचल प्रदेश के सभी सरकारी व् निजी, स्कूलों को हरा-भरा रखने और छात्रों को पर्यावरण के बारे में जागरूक करने के लिए, आपको 07-08-2019 से 16-08-2019 तक **अपने -अपने स्कूल परिसर में दस (10) पेड़ / पौधे लगाकर (मुख्यमंत्री हरित विद्यालय अभियान)** सफ़ल बनाना है !

अत : सभी स्कूल के प्राधानाचार्य / हेडमास्टर उक्त लक्ष्य को सुनिश्चित करेंगे, और और यदि किसी स्कूल में परिसर का एरिया आधिक उपलब्ध है, तो वह स्कूल 10 से अधिक पेड़ / भी रोपित/ लगा सकते हैं। रोपित किये गए पौधों की सुरक्षा/ उत्तरजीविता **(survival)** निगरानी स्कूल मुखिया द्वारा व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित की जाएगी | पेड़ / पौधों के **(saplings)** के लिए वन विभाग या आसपास के रेंज अधिकारी / डीएफओ के साथ समन्वय स्थापित कर के अभियान को सफल बनया जाए ! आपको यह निर्देश दिए जाते है कि आप , जिला प्रशासन, वन विभाग की मदद से मुख्यमंत्री हरित विद्यालय अभियान पर पूर्ण रूप से अम्ल करते हुए सफल बनायें !

आपको यह भी निर्देश दिए जाते हैं कि, क्रायक्रम की रिपोर्ट आगे के प्रारूप पर (**एक्शन टेकन रिपोर्ट**) 16-08-2019 से पूर्व इस कार्यालय को भेजनी होगी, ताकि समेकित रिपोर्ट 17-08-2019 को हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को सौंपी जा सके।

अत : सभी स्कूल के प्राधानाचार्य / हेडमास्टर को यह भी निर्देश दिए जाते है कि आप अपने स्कूल के काम्प्लेक्स में मिडिल स्कूल में 5 पेड़ /पौधे रोपित करना भी सुनिश्चित करेंगे और और यदि किसी स्कूल में परिसर में पौधे रोपित करने के लिए जगह उपलब्ध नही है, तो वह स्कूल गमले में भी पौधे रोपित कर के अभियान को सफल बनाये !

सभी स्कूल इस फॉर्मेट पर 2 फोटोग्राफ सहित रिपोटिंग करना सुनिसचित करेंगे

प्रपत्र

क्र. सं.	विद्यालय का नाम	लगाए गए पेड़ों की संख्या	वृक्षारोपण की तिथि	टिप्पणी

उप -निदेशक उच्चतर शिक्षा,
जिला शिमला, यूएस क्लब, शिमला

पृष्ठांकन संख्या सम , शिमला दिनांक

प्रतिलिपि :

1. निदेशक, उच्चतर शिक्षा हिमाचल प्रदेश की पत्र संख्या EDN-H(21)फ(9)/13/2018-MISC दिनांक 31-07-2019 के सन्दर्भ में सूचनार्थ !
2. उपायुक्त, शिमला ,जिला शिमला सूचनार्थ !
3. वन संरक्षक शिमला वन वृत्त, शिमला -171002, स्कूलों को पौधे / पेड़ -पौधे उपलब्ध कराने के लिए सभी डीएफओ को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने हेतू अनुरोध !
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला -171001,अभियान के दौरान चिकित्सा सहायता प्रदान करने बारे अनुरोध !

उप -निदेशक उच्चतर शिक्षा,
जिला शिमला, यूएस क्लब, शिमला